4

स्वास्थ्य और वित्त मंत्री ने किया सरिया में 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का भूमि पूजन




## खबर संक्षेप



### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### सुखबासुपारा में नलकूप खनन से ग्रामीणों को मिली राहत



**जशपुरनगर।** जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है, इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित पहल की है। जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सपघरा के सुखबासुपारा में नलकूप खनन कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।गौरतलब है कि यहां के ग्रामीण सीएम कैम्प कार्यालय बगिया में आवेदन देकर पेयजल समस्या से निजात दिलाने की मांग रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर यहां त्वरित निराकरण करते हुए नलकूप खनन किया गया। इससे स्थानीय ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें पानी के लिए दूर-दराज भटकना नहीं पड़ेगा। नलकूप शुरू होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने शासन-प्रशासन के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि भीषण गर्मी के बीच यह सुविधा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारम्भ

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए नवसंकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर द्वारा अग्निवीर भर्ती की तैयारी हेतु निःशुल्क ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 11 मई से प्रारम्भ होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जशपुर जिले के अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल बनाना है। संस्थान के अनुभवी शिक्षकों द्वारा विषयवार मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास तथा परीक्षा उन्मुख तैयारी कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन हेतु संस्था के शिक्षक मनीष गुप्ता को अपना नाम भेजकर पंजीकरण करा सकते हैं। संस्थान द्वारा यह पहल पूर्णतः निःशुल्क है तथा सभी कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएंगी।

### पीएम श्री सेजेस जयनगर में कक्षा पहली के लिए 8 को निकाला जायेगा ड्रा

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजेस जयनगर में नए शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक निर्धारित लिए गए हैं। अब 8 मई को ड्रा के माध्यम से बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।

## बीजेपी की ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में जुटे कार्यकर्ता

# जीत की जश्नः कौशल्या साय ने कार्यकर्ताओं को बांटी झालमुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुच्चेरी में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के बाद जशपुर जिले के बगिया स्थित मुख्यमंत्री निवास में भव्य जश्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और पूरे परिसर में जीत का उल्लास छाया रहा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी निवास बगिया में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और नारेबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जयकारों के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को झालमुरी खिलाकर बधाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक अंदाज़ में झालमुरी बांटकर खुशी साझा की। इस अनोखे जश्न ने माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि देशभर की जनता का प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों, विकास कार्यों और निर्णायक नेतृत्व पर अटूट विश्वास है, जिसका परिणाम इन चुनावों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है।



### जीवन में सकारात्मक बदलाव

भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं ने आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। यही कारण है कि मतदाताओं ने एक बार फिर भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया है।जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने "मोदी-मोदी" के नारों के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और इसे आने वाले समय में भी पार्टी के लिए शुभ संकेत बताया। इस मौके पर बड़ी संख्या भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, नपा उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, संतोष सिंह, रूपेश सोनी, राजकपूर भगत, विजय आदित्य सिंह जूदेव, मुकेश सोनी, राजा सोनी, सज्जू खान, विनोद निकुंज, राहुल गुप्ता, सतीश गोस्वामी, रागिनी भगत, शिवप्रकाश तिवारी, अनिता पैंकरा, सावित्री निकुंज, राजू गुप्ता, आकाश गुप्ता, दीपू मिश्रा, अभिषेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नेतृत्व की स्वीकार्यता

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि "यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, संगठन की सुदृढ़ता और नेतृत्व की स्वीकार्यता का परिणाम है। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि "जनता ने पुनः स्पष्ट कर दिया है कि देश अब विकास और राष्ट्रहित की राजनीति को ही स्वीकार कर रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे ने कहा कि "भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यशैली ने देशभर में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार किया है। जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि "भाजपा की बूथ स्तर तक मजबूत संगठनात्मक संरचना ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और यही विजय का आधार बनी है।

### यह विश्वास की जीतः भगत

जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि "देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सुशासन और विकासपरक नीतियों पर लगातार विश्वास जता रही है। यह जीत जनविश्वास की जीत है।

### सुशासन के पक्ष में जनादेशः गोमती

पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि "जनता ने तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है।

### संगठन की शक्ति की जीतः राय

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि "भाजपा की यह विजय संगठन की शक्ति, कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनकल्याणकारी नीतियों की स्वीकृति का प्रमाण है।

### मजबूत नेतृत्व का पर्यायः जूदेव

पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि "यह परिणाम सिद्ध करता है कि देश की जनता भाजपा को स्थायी विकास और मजबूत नेतृत्व का पर्याय मानती है।

### निरंतर बढ़ रहा विश्वासः सालिक

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि "देश के कोने-कोने में भाजपा के प्रति जनता का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है, यह सेवा और सुशासन की राजनीति की विजय है।



### कार्यकर्ताओं ने मनाया विजय उत्सव

बस स्टैंड परिसर में आयोजित समारोह में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। जिला मुख्यालय सहित समस्त मंडलों में कार्यकर्ताओं ने झलमुरी एवं मिठाई वितरण कर खुशी साझा की।

### बगीचा बस स्टैंड में आतिशबाजी



भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बगीचा बस स्टैंड में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य उत्सव मनाया गया। आतिशबाजी कर जीत की खुशियां मनाई गईं, जिससे बस स्टैंड परिसर रोशनी और उत्साह से जगमगा उठा। इस आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महामंत्री मुकेश शर्मा, पवन सिंह, जीतू सिंह, राजा जैन सहित बगीचा मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 12 गौवंश सुरक्षित, तस्कर गिरफ्तार, ओडिशा ले जाने की थी तैयारी

**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस ने एक बार फिर कड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ा खुलासा किया है। फरसाबहार थाना क्षेत्र के ग्राम बनगांव में पुलिस ने जंगल के रास्ते गौवंशों की तस्करी कर रहे एक आरोपी को धर दबोचा। मौके से 12 नग गौवंशों को सकुशल बरामद किया गया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।मामला 3 मई 2026 का है, जब फरसाबहार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जंगल के रास्ते गौवंशों को मारते- पीटते हुए तेजी से उड़ीसा की ओर ले जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और बिना देर किए



मौके के लिए रवाना हो गई।ग्राम बनगांव के जंगली क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। मौके पर वह व्यक्ति 12 गौवंशों को पैदल हांकते हुए ले जा रहा था। पकड़े गए आरोपी ने अपनी पहचान लड्डू राउत उम्र 56 वर्ष, निवासी ग्राम खरहागुड़ा, थाना बागबहार, जिला जशपुर के रूप में बताई। जब पुलिस ने उससे गौवंशों के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।कड़ी पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह ग्राम साईं टांगर टोली के एक व्यक्ति के कहने पर इन गौवंशों को बनडेगा होते हुए उड़ीसा ले जा रहा था।पुलिस ने इस मामले में दूसरे संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर ली है, जो इस तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। उसकी तलाश तेज कर दी गई है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी के खिलाफ थाना फरसाबहार में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ओपीएस की हर्ष ने एशियाई स्वात चौंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**अंबिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल की कक्षा 9वीं की विद्यार्थी एवं रनजीत केरकेट्टा और मेरी केरकेट्टा की सुपुत्री हर्ष मन्नू केरकेट्टा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेपाल के काठमांडू यूनिवर्सिटी, धुलिखेल में आयोजित 7वीं एशियाई स्वात चौंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने सब-जूनियर वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में हांगकांग, उजबेकिस्तान और नेपाल की प्रतिभागियों को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत सहित नेपाल, न्यूजीलैंड, उजबेकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, इंडोनेशिया, फिलीपींस और हांगकांग जैसे देशों से लगभग 600 चयनित खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में भाग लिया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ नवनिर्मित बास्केटबॉल इंडोर स्टेडियम में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच किया गया।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान खिलाड़ियों से कहा गया कि खेल



केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, धैर्य, संघर्ष और टीम भावना भी सिखाता है। खिलाड़ियों से निरंतर मेहनत, नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे उसकी लगन, मेहनत और समर्पण सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी पूरे मनोयोग से अभ्यास करें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, तो निश्चित रूप से वे सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने शिविर में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर

## चार जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक हुए शामिल

**जशपुरनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र में "मृदा स्वास्थ्य और संतुलित उर्वरक के उपयोग"विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

■ वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

इस अवसर पर वर्ष 2026 की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक भी कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर, रायगढ़, कोरबा एवं जांजगीर-चांपा के साथ संयुक्त रूप से संपन्न हुई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना एवं क्षेत्रीय कृषि विकास की प्रभावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेषज्ञों द्वारा मृदा परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने




बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने से न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि मृदा की उर्वरता भी दीर्घकाल तक सुरक्षित रहती है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग एवं इसके लाभों की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने संतुलित उर्वरक उपयोग पर जोर देते हुए नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश के संतुलित अनुपात में प्रयोग की सलाह दी। ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम चलनी निवासी स्व. लसु राम का डबरी ताबला में डूबने से 09 अगस्त 2025 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी जरमन के लिए 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी स्व. सलोन मिंज का कुआं के पानी में डूबने से 01 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई थी। मृतिका के निकटतम वारिस उनके माता दौलेन मिंज हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को मिली बहुआयामी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कृषि क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से 5 मई को जनपद पंचायत मनोरा में "विकसित कृषि संकल्प अभियान"का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत मनोरा के अध्यक्ष परमेश्वर भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ सभा पति कृषि स्थायी समिति की श्रीमती सरोज प्रधान, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती कांता भगत एवं रंजीत भगत ने भी सहभागिता की।

कृषि विभाग की ओर से अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कवच भगत, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी दिलीप भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गोविंद राम चौहान सहित सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।




### जैविक खेती पर विशेष जोर

अभियान के दौरान किसानों को उद्यानिकी, मत्स्य पालन तथा पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योजनाओं, नई तकनीकों एवं सरकारी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती अपनाने, फसल विविधीकरण, जैविक खेती और आय बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने अधिकारियों से संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी विभागों ने किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। यह अभियान क्षेत्र के किसानों के लिए उपयोगी साबित हुआ और भविष्य में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गांव में सामूहिक प्रयास से स्वच्छता एवं जल संरक्षण की पहल

# सुशासन तिहारः खूंटीटोली में जनभागीदारी से किया गया स्वच्छता श्रमदान




जल संचय के 5 प्रतिशत मॉडल का किया गया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत खूंटीटोली में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। इस दौरान गांव के विभिन्न स्थानों में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से श्रमदान कर गांव को स्वच्छ रखने निश्चय किया गया। साथ ही "जल संचय जनभागीदारी 2.0" के तहत 5 प्रतिशत मॉडल का निर्माण किया गया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जल संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर श्रमदान किया तथा स्वच्छता और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनपद सदस्य खगेश्वर साय, सरपंच, पंचगण एवं विकासखंड के अधिकारी उपस्थित रहे और सक्रिय ⏭ शेष पेज 4 पर

### फरसाकानी में आज लगेगा शिविर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 6 मई को कुनकुरी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसाकानी में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत फरसाकानी, बंदरचुआं, ढोढीबहार, डोडापानी, लोढाअम्बा, बरांगजोर, ठेठेटांगर, खारीझरिया, कुंजारा, रेमते, गड़ाकटा, हर्राडांड, बासनताला, भेलवांटोली, चटकपुर, जोरातराई एवं ग्राम रेंगारघाट के ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं मागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक अपने आवेदन लिखित रूप में शिविरों में प्रस्तुत करेंगे, जिनका निराकरण किया जाएगा। यह पहल प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनेगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निवास क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनकी समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने सुशासन तिहार के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को विभिन्न दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में माही ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सीतापुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेजेस भुसु की छात्रा माही गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



शुरू से ही मेधावी छात्रा रही माही गुप्ता ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 92.89 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए विकासखंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। ग्रामीण परिवेश से आने वाली माही ग्राम नावापारा सलेहाटोली निवासी अनिल गुप्ता की सुपुत्री है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत लगन एवं माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया है। संस्था के प्राचार्य सच्चिदानंद गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए छात्रा माही गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष सेजेस भुसु का परीक्षा परिणाम 93.50 प्रतिशत रहा। उन्होंने उतीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### आठवीं बोर्ड में आयशा ने हासिल किया 96.83 प्रतिशत अंक

**अंबिकापुर।** शहर के ब्रम्हपारा स्थित आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 8वीं की छात्रा कुमारी आयशा खान ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया है।



उनकी इस उत्कृष्ट सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। आयशा खान के इस शानदार प्रदर्शन पर उनके पिता आबिद ख़ान, जो पेशे से एक मेहनतकश मकैनिक हैं, उन्होंने अपनी बेटी की इस उपलब्धि को अपनी मेहनत और बेटी की लगन का परिणाम बताया। आयशा ख़ान कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी की छोटी बहन हैं, जबकि उनके चाचा आसिफ खान इस खुशी के अवसर पर परिवार के साथ मौजूद रहे।

### नवोदय की छात्रा लक्ष्मी ने हासिल किया 97.8 प्रतिशत अंक

**रजपुरीकला।** लखनपुर के ग्राम कटकोना निवासी लक्ष्मी राजवाड़े आ. निर्मल राजवाड़े ने छग माशिमं की कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



लक्ष्मी राजवाड़े पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्यनरत है। छात्रा लक्ष्मी राजवाड़े ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजन और अपने माता-पिता परिवार को दिया है। इनकी सफलता से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्रा ने विद्यालय में भी दूसरा स्थान हाशिल किया। लक्ष्मी राजवाड़े के पिता गांव में सिलाई का काम करते हैं और माता गृहणी है। क्षेत्र के जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने लक्ष्मी राजवाड़े को सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए आवश्यकता पड़ने पर सहयोग का आश्वासन दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत ग्राम श्रीकोट निवासी 19 वर्षीय अमितेश आ. खुल्लु राम भगत 3 मई को बाइक से अपनी नानी के घर ग्राम करकली जाने के लिए निकला हुआ था। इस दौरान रास्ते में ग्राम कमरों के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुसमी सीएचसी से युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। देर रात अस्पताल पहुंचे युवक को चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद अमृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है।

## मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक, कलेक्टरों को अधीनस्थ अधिकारियों के काम का मूल्यांन करने के निर्देश

# जानकारी नहीं दे पाने पर भड़के सीएम, लोनिवि अधिकारी को कहा- बाहर जाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

अपने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने रविवार सुशासन तिहार के तहत संभागीय समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान सीएम श्री साय का तल्ख रुख देखने को मिला। सड़क मरम्मत की सही जानकारी नहीं देने पर सीएम भड़क गए और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। सीएम ने लोनिवि अधिकारी से सीधे कहा कि अधिकारी मीटिंग से निकलो, बाहर जाओ, अपने सचिव से बात करो और सही जानकारी लेकर आओ। आमतौर पर शांत और सहज रहने वाले सीएम का यह रूप देखकर कमरे में सन्नाटा छा गया। संदेश साफ था कि अब बहानेबाजी नहीं चलेगी। वहीं सीएम श्री साय ने कहा कि हम सब जनता के सेवक हैं। हम सभी को अपने कार्यालय को सेवा तीर्थ समझना है और आम जनता की सेवा करने का मंदिर है।

**खास बातें**

- जरुरत पड़ने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश
- मानसून से पहले सड़कों का मरम्मत करने निर्देश




बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएम श्री साय ने कहा कि सरकार का विकास सड़क से दिखता है।पीडब्ल्यूडी की सड़क मरम्मत में देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि मानसून आने से पहले सभी सड़कों की मरम्मत पूरी हो। उन्होंने कहा कि आबादी क्षेत्रों की सड़कों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ध्यान दो, नहीं तो ठीक नहीं होगा। सीएम ने डीएमएफ के दुरुपयोग पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि डीएमएफ की 70 फीसदी राशि खदान के पास के गांवों पर खर्च होनी चाहिए। मुख्यालय के नाम पर इसे खर्च करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बलरामपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी नागरिक पेयजल के लिए न भटके। जहां साधन नहीं हैं वहां टैंकर से पानी पहुंचाया जाए। गर्मी और बारिश के बीच मौसमी बीमारियों से निपटने की अग्रिम तैयारी करने को कहा। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि धान, बीज और खाद की कमी को लेकर किसानों से कोई शिकायत न आए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग जनता का सम्मान करें, उन्हें इज्जत दें, धैर्य से सुनें और उनका काम समय पर पूरा करें। साथ ही कलेक्टरों को भी निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों के काम का नियमित मूल्यांकन करें और जरूरत पड़ने पर कठोर कार्रवाई से न हिचकें।

इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, सहित संभाग भर के कलेक्टर, एसपी व अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### राजस्व अभिलेख अब डिजिटल, घर बैठे मिलेगा खसरा-नक्शा

बैठक के दौरान सीएम ने आम नागरिकों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य के राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। सभी भूमि खंडों के खसरा-नक्शे डिजिटल प्रामाणिक हस्ताक्षर सहित सीधे लोगों को वितरित किए जाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्प लाइन सेवा जल्द शुरू होगी, जिसमें टोल फ्री नंबर पर समस्या दर्ज कराई जा सकेगी। उन्होंने कलेक्टर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व मामले समय-सीमा में निपटाएं, आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

#### स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे सीएम

अपने प्रवास के तहत सीएम श्री साय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से बात की और उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने संस्थान की गतिविधियों का विस्तार से अवलोकन किया, प्रशिक्षणार्थियों से बात की और उनका उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही सीएम ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में इन स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने 5 समूहों को बैंक लिंकेज के तहत 21 लाख रुपये के चेक भी प्रदान किए।

#### निर्माणाधीन नालंदा परिसर का किया निरीक्षण

जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने निर्देशित किया। लगभग 4 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से विकसित हो रहे इस आधुनिक अध्ययन केंद्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी, अध्ययन सामग्री एवं पत्र-पत्रिकाओं सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## ड्राइवरी का काम कर चुके युवक ने घर में घुसकर किया था महिला का अपहरण, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

घर में घुसकर दिनदहाड़े महिला का अपहरण करने के साथ ही 22 लाख रूपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य अभी भी फरार चल रहा है। बड़ी बात यह है कि प्रकरण का मुख्य आरोपी पूर्व में महिला के पति के पास वाहन चालक का काम कर चुका है और उसे पहले से पता था कि कालरिकर्मी के रिटायर होने पर उसे मोटी रकम मिली है और इसी के तहत उसने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया लेकिन नाकेबंदी और पेट्रोलिंग से डरकर आरोपियों ने महिला को बाईपास सड़क पर छोड़ दिया था और रस्सी, कंबल समेत अन्य सामानों को जलाकर सबूत मिटाने का प्रयास किया।

- कालरिकर्मी के रिटायर होने पर रुपए मिलने की थी जानकारी
- अपने दोस्तों के साथ मिलकर बनाई थी अपहरण और फिरौती मांगने की योजना

बता दें कि 29 अप्रैल की सुबह कोतवाली थाना अंतर्गत सेवा निवृत्त कालरीकर्मी पैत्रुस कुजूर अपने चालक के साथ एक्सीडेंट हुए वाहन को बनवाने के लिए अंबिकापुर गया हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी ललिता कुजूर घर में अकेली थी। दोपहर 1 बजे पैत्रुस कुजूर के नंबर पर फोन कर महिला ने बात की थी और घर आने का समय पूछा था। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे जब पैत्रुस कुजूर घर पहुंचा तो उसकी पत्नी नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद वह घर में बैठ गया। इसी बीच पत्नी के मोबाइल नंबर से उसे फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी का अपहरण हो गया है और तत्काल 22 लाख रूपए दो वरना पत्नी वापस घर नहीं लौटेगी। ऐसे में पैत्रुस कुजूर ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 140(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू का दी थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी व एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने आरोपियों की धरपकड़ और महिला को बरामद करने के लिए तीन पुलिस टीम का गठन किया था। इसके साथ ही सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा नाकेबंदी करने के साथ ही सायरन बजाकर महिला को खोजने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच संदेह के आधार पर रात 11.45 बजे पैत्रुस कुजूर ने एक युवक को फोन कर बताया कि उसने घटना की सूचना पुलिस को दे दी और अब पुलिस आरोपी को खोज रही है। इसी बीच महिला को देर रात 3 बजे आरोपियों ने बाईपास सड़क पर छोड़ दिया और फरार हो गए। अपहरण व मारपीट से घायल महिला किसी तरह एक व्यक्ति के घर पहुंची और पति को फोन कर सूचना दी जिसके बाद पुलिस द्वारा महिला को बरामद करने के साथ ही घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पहले से घर में रूपए होने की थी जानकारी

इधर इस मामले में पुलिस ने तकनीकी मदद और संदेह के आधार पर रौशन देवांगन को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि आरोपी रौशन देवांगन पूर्व में पैत्रुस कुजूर के घर 18 महीनों तक वाहन चालक का काम किया था और उसे इस बात की जानकारी थी कि पैत्रुस कुजूर एसईसीएल से सेवानिवृत्त हुआ है और उसे काफी पैसा मिला है। पैसों की लालच में आकर उसने अपने साथियों के साथ अपहरण और वसूली की योजना बनाई थी। पुलिस ने इस मामले में महुआपारा निवासी 21 वर्षीय रौशन देवांगन आ. रामचरण देवांगन व शांतिगली मस्जिद पारा निवासी शेख इशू आ. शेख इसराइल खान को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। इसके साथ ही तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई एसआरभगत, संदीप सिंह, एएसआई सुनील सिंह, आरक्षक रविराज पाण्डेय व रामप्रसाद साहू सक्रिय रहे।

#### पानी मांगने के बहाने घुसे थे घर में

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि योजना के तहत घटना दिवस की दोपहर मुख्य आरोपी रौशन देवांगन और शेख इशू व एक अन्य के साथ योजना के तहत पैत्रुस कुजूर के घर पहुंचा और महिला से बातचीत करते हुए पानी मांगा। इसी बीच आरोपियों ने मौका पाकर महिला को पकड़ लिया और घर के अंदर ले गए जहां उन्होंने उसने मुंह व आंख में टेप लगा दिया और हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया। आरोपी महिला को बाइक पर लेकर डुमरिया के पंचर दुकान पहुंचे और फिर पैत्रुस कुजूर को फोन कर 22 लाख रूपए की फिरौती मांगी। पकड़े जाने के डर और पुलिस के पेट्रोलिंग व खोजबीन को देखते हुए प्रार्थी की पत्नी को ग्राम डुमरिया से पीढ़ा होते हुए पर्री से चंदरपुर जाने वाले बाईपास रोड़ पर ले जाकर घायल अवस्था में छोड़ दिए और पीड़िता को ढ़कने में प्रयुक्त कंबल, बांधने वाला रस्सी, मुह में लगा टेप निकालकर वहीं जला दिए और वहां से चले गए। इस घटना के बाद आरोपी शेख इशू बिलासपुर की तरफ भाग रहा था जिसे केतका से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से महिला का मोबाइल फोन, रस्सी, टेप, कंबल का जला हुआ राख, घटना में प्रयुक्त बाइक, एक स्कूटी व आरोपियों के दो नग मोबाइल फोन को बरामद किया है।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। कैदी को दस्त की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- दस्त की शिकायत पर केंद्रीय जेल से कराया गया था भर्ती

प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के केल्हारी घुडरी निवासी 50 वर्षीय शिव प्रसाद आ. स्व. बरवापाल को एमसीबी जिले में न्यायलय द्वारा पत्नी की हत्या के आरोप में वर्ष 2021 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। कैदी को एमसीबी जेल से केंद्रीय जेल अंबिकापुर रिफर किया गया था। कैदी केंद्रीय जेल में सजा काट रहा था इस दौरान कैदी को दस्त की शिकायत पर केंद्रीय जेल अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया था। कैदी का 2 मई से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान 3 मई की रात कैदी की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही कैदी के मौत की जांच की जा रही है।

## हाथियों ने दो घरों में की तोड़फोड़, रौंदी ग्रीष्मकालीन धान एवं मक्के की फसल

**मैनपाट।** क्षेत्र में हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। शाम ढलते ही हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहे हैं। जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। वन अमला हाथियों की नियमित निगरानी कर रहा है लेकिन हाथियों की तबाही कम नहीं हो रही है।

दो महीने पूर्व उड़ीसा से लौटने के बाद से ही 14 हाथियों का दल लगातार आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण कर रहा है। पूर्व से अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल कभी हाथियों के दल में शामिल हो जा रहे हैं तो कभी अलग होकर अकेले अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों का 13 सदस्यीय दल दिन में एक साथ आराम फरमा रहा है लेकिन शाम ढलते ही अलग-अलग दलों में विभक्त होकर आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहा है। एक साथ अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों के भ्रमण करने से खतरा बढ़ गया है हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है वहीं वन अमले को भी निगरानी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाथियों के आबादी क्षेत्र में पहुंचने की सूचना पर वनकर्मी स्थल पर पहुंच रहे हैं तो दूसरे गांव में हाथियों द्वारा तोड़फोड़ मचाने की सूचना पर तत्काल दूसरे स्थान पर जाना पड़ रहा है। वर्तमान में दोनों दंतैल करई झरिया एवं डांडकेसरा जंगल में भ्रमण कर रहा है। बीती रात 13 हाथियों में 5 हाथी दल से अलग होकर बरवाली एवं चोरकी पानी बस्ती में पहुंच गए तथा पूरी रात तबाही मचाई। हाथियों ने गांव के राजेश्वर यादव आ.देवमुन यादव के घर में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही घ में रखे अनाज को खा गए। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घरों में तोड़फोड़ करने के बाद हाथी पूरी रात ग्रीष्मकालीन धान एवं मक्के की फसल को रौंदते रहे। दल के 8 हाथी टेढ़ा सेमर, धौराघाट एवं अमेरा घाट के जंगल में भ्रमण करते रहे। पांच हाथियों का दल पाई जंगल में मौजूद है। वन अमला क्षति का आंकलन कर रहा है।



## बॉक्साइट लोड ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 1 की मौत

**अम्बिकापुर।** सामरी से बॉक्साइट लोड कर रेणुकूट जा रहे बॉक्साइट लोड ट्रक के चालक ने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामरी स्थित हिंडाल्को की बॉक्साइट खदान से रविवार को देर रात ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईसी 8144 का चालक बॉक्साइट लोडकर रेणुकूट जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से बाइक से आ रहे ग्राम डाढ़ढोली निवासी चीकू उरांव एवं मंदीप उरांव को कुसमी स्थित आशीर्वाद ढाबा के पास टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिक उपचार उपरांत अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है जहां उपचार के दौरान चीकू उंराव ने दम तोड़ दिया जबकि गंभीर रूप से घायल मंदीप यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## उन भरोसेमंद साझेदारों को खो दिया जिनसे मिलता था सस्ता तेल व गैस : प्रेम साय



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि और बढ़ती महंगाई को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा गया।

- रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की अमेरिका परस्त अदूरदर्शिता पूर्ण नीति के कारण भारत ने अपने उन भरोसेमंद साझेदारों को खो दिया है जिनसे हमे सस्ता तेल और गैस भरपूर मात्रा में प्राप्त होता था। पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमत के लिए खाड़ी में चल रहे युद्ध के बजाय सरकार की सरेंडर नीति जिम्मेदार है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि मोदी सरकार की सरेंडर नीति के कारण आज इस देश को अमेरिका के आगे झुकना पड़ा है, जिसके नतीजे में आज देश और देश की जनता पेट्रोल, डीजल और गैस की किल्लत और महंगाई से जूझना पड़ रहा है। निगम के नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद ने कहा कि 70 साल तक काम नहीं होने की बात करने वालों ने 11 साल में ऐसा काम किया कि 70 साल में रुपए में जितनी गिरावट नहीं आई उससे ज्यादा पिछले 11 साल में आ गई है।

सरकार देश की जनता को साम्प्रदायिकता में झोंक कर देश को अडानी अम्बानी को सौंपने की तैयारी कर रही है।

### सीएम ने जिले के दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता, हौसला रखें बुलंद : विष्णु देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर


सीएम विष्णुदेव साय ने अपने जिला प्रवास के तहत सोमवार को जिले दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उन्हें आगे भी इसी उत्साह, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बलरामपुर सर्किट हाउस में इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हौसला बुलंद रहना चाहिए।

सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने छात्रों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में जाना। अधिकांश विद्यार्थियों ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की, जबकि कुछ ने आइएएस अधिकारी और न्यायाधीश बनने का संकल्प जताया। श्री साय ने सभी के सपनों को सराहते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से निश्चित रूप से सफलता मिलती है और सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सपना भी देखना चाहिए और एक लक्ष्य भी तय करके आगे बढ़ना चाहिए। सफलता जरूर कदम चूमती है। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज व अन्य मौजूद थे।



#### मुख्यमंत्री से मिलने का मिला अवसर

जिले के कक्षा 12वीं के 5 मेधावी विद्यार्थियों जिसके अंतर्गत विकासखण्ड वाड्रफनगर के शासकीय उमावि करमडीहा की कुमारी प्रतिभा गुप्ता, रामचंद्रपुर के शासकीय उमावि जामवंतपुर की कुमारी स्नेहा कुशवाहा, शासकीय उमावि सनवाल के सोनू, वाड्राफनगर के कृष्णा, आदर्श हायर सेकंडरी विद्यालय बलंगी की कुमारी प्रिया लता कश्यप, शासकीय उमावि बर्तीकला के अजय गुप्ता को मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर मिला। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के रामचंद्रपुर के शासकीय उमावि जामवंतपुर के आर्यन गुप्ता वाड्रफनगर के नेशनल पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल रजखेता की कुमारी आराधना पटेल, शासकीय उमावि रघुनाथनगर की कुमारी रोशनी कांशी, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा कुसमी की आलिया परवीन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज की आरजू परवीन को मिलने का अवसर मिला।



# अमिताभ के साथ हुआ तगड़ा 'खेला' ..!

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का 'संडे दर्शन' एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह खुद महानायक नहीं, बल्कि उनके पड़ोसी बन गए हैं। हर हफ्ते की तरह अमिताभ बच्चन अपने घर के बाहर फैंस का अभिवादन कर रहे थे, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा थे। इसी दौरान कैमरा अचानक उनके घर के पीछे की छत पर खड़े एक पड़ोसी की ओर चला गया। वह शख्स चुपचाप पूरे पल को देख रहा था, लेकिन जैसे ही कैमरा उनकी तरफ गया, उनका रिएक्शन देखने लायक था। हल्की झिझक, चेहरे पर मुस्कान और हाथ जोड़कर उन्होंने इशारा किया कि उन्हें रिकॉर्ड न किया जाए।

लाइफ Style

# तृषा

## बनना चाहती थीं क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट

फिल्म इंडस्ट्री में हर किसी के लिए अपनी पहचान बना पाना उतना आसान नहीं है, फिर चाहे वो हीरो हो या हीरोइन। आज हम आपको ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आज ये हीरोइन भारत की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस हैं। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं बल्कि साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन हैं, जो इस समय सुपरस्टार विजय थलापति के साथ अफेयर की खबरों को लेकर पिछले कुछ समय से सुर्खियों में छाई हुई हैं। तृषा ने चेन्नई में ही बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की। तृषा ने बताया था कि वो क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती हैं। कॉलेज के दिनों ही उन्होंने मॉडलिंग में कदम रख दिया। इसके बाद तृषा ने साल 1999 में मिस मद्रास का खिताब जीता। इसके बाद से तृषा को फिल्मों के ऑफर आने लगे। तृषा ने अपने एक्टिंग की शुरुआत साल 1999 में आई तमिल फिल्म 'जोड़ी' में सपोर्टिंग रोल से की थी। साल 2000 में आए फाल्गुनी पाठक के हिट सॉन्ग 'चुनरी उड़ उड़ जाए' में तृषा को आशिया टाकिया के साथ कास्ट किया गया, जिसमें उनके काम की तारीफ हर किसी ने की। 2002 में आई फिल्म 'मौनम पेसियाधे' में तृषा बतौर लीड एक्ट्रेस कास्ट हुईं, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे नहीं देखा। तृषा कृष्णन ने तमिल और तेलुगु सिनेमा में कई सुपरहिट फिल्में देने के साथ ही बॉलीवुड में भी एक हिट फिल्म दी है।



हॉलीवुड मसाला



# स्क्रीन पर देखकर नहीं होंगे बोर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री जेंडाया की 2026 में कई बड़ी फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। जेंडाया ने कहा, मुझे उम्मीद है कि फैंस मुझे बार-बार स्क्रीन पर देखकर बोर नहीं होंगे। मैं सच में फैंस की आभारी हूं, जो मेरे फिल्मों और मेरे करियर को सपोर्ट करते हैं। मैं अपने हर प्रोजेक्ट के लिए दर्शकों के प्यार और समर्थन की शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा, इस साल दर्शक मुझे काफी ज्यादा देखने वाले हैं, क्योंकि मेरी कई फिल्में और शोज एक के एक रिलीज होने वाले हैं।



# लिसा कुड्रो के शो ने रचा था इतिहास...

**लॉस एंजिल्स।** 'फ्रेंड्स' साल 1994 में शुरू हुआ, तो उसने इतिहास रच दिया। हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो ने बताया कि उस समय में वह दो अलग-अलग शो में नज़र आ रही थीं और दोनों में उनके किरदार अलग थे। इससे दर्शकों के बीच भ्रम की स्थिति न बने, इसके लिए मेकर्स ने एक दिलचस्प तरीका निकाला था। 'मैड अबाउट यू' के उनके किरदार उर्सुला बफे को 'फ्रेंड्स' में फीबी की जुड़वां बहन के रूप में दिखाया गया। यह बदलाव दर्शकों को भी पसंद आया। इस तरह वह उर्सुला का किरदार भी निभा सकें और फीबी का भी। लिसा ने कहा, मैं किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती थी। मुझे लगता था कि अगर 'फ्रेंड्स' कुछ एपिसोड के बाद बंद हो गया, तो मेरे पास 'मैड अबाउट यू' जैसा विकल्प होना चाहिए।



# प्रियंका इस बार नहीं जा रहीं मेट गाला

**मुंबई।** हर साल 'मेट गाला' इवेंट में अपने स्टाइल से लाइमलाइट चुराने वाली प्रियंका चोपड़ा 2026 में होने वाले इस फेमस इवेंट के रेड कार्पेट पर नजर नहीं आएंगी। लेकिन सूत्रों के हवाले से एक खबर सामने आई है कि प्रियंका इस साल मेट गाला में शामिल नहीं हो पाएंगी क्योंकि एक्ट्रेस इस समय 'सिटाडेल' के अपकमिंग सीजन के प्रमोशन के लिए तैयारियां कर रही हैं। प्रियंका की ये नई सीरीज 6 मई को एक एक्सटेनसि ग्लोबल प्रेस टूर के बीच में रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद वह गोल्ड हाउस गाला के लिए लॉस एंजिल्स का टूर करेंगी, जहां उन्हें लगातार दूसरे बार ग्लोबल वैंगार्ड अवॉर्ड से नवाजा किया जाएगा। इन खबरों के बीच मेट गाला ने प्रियंका चोपड़ा से जुड़ी कुछ खास यादों और फोटोज को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।



# 'चांद मेरा दिल'... गाने का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म चांद मेरा दिल के बहुप्रतीक्षित तीसरे ट्रैक 'खासियत' का टीज़र रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले 'चांद मेरा दिल' टाइटल ट्रैक और 'ऐतबार' को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। गाने 'खासियत' को सचिन जिगर ने संगीत दिया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। इस रोमांटिक ट्रैक को राघव चैतन्य और जोनिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। मेकर्स के अनुसार पूरा गाना जल्द ही रिलीज किया जाएगा। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य की जोड़ी पहली बार साथ नजर आएगी। टीजर में दोनों की केमिस्ट्री काफी इमोशनल और इंटेंस दिखाई दे रही है, जो फिल्म की लव स्टोरी को खास बनाती है। चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल 'खासियत' के टीजर ने फिल्म के लिए शानदार माहौल तैयार कर दिया है।

टीवी मसाला

# नागिन 7 के एपिसोड में हुआ टीवी के इतिहास का सबसे बड़ा ब्लंडर...

**मुंबई।** टीवी की दुनिया में इन दिनों 'नागिन 7' को लेकर जबरदस्त चर्चा छिड़ी हुई है, लेकिन इस बार वजह शो की कहानी नहीं बल्कि एक बड़ी तकनीकी गलती बन गई हैं। हाल ही में रिलीज हुए एपिसोड में ऐसा ब्लंडर देखने को मिला, जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया। दरअसल, शो के एक सीन में मेकर्स ब्लू स्क्रीन हटाना ही भूल गए। ये सीन तब का है, जब अनंता अपने दुश्मनों से भिड़ती नजर आती है। आमतौर पर ऐसे सीन्स में वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इस बार एडिटिंग में बड़ी चूक हो गई, और बैकग्राउंड में ब्लू स्क्रीन साफ दिखाई दे गई। भले ही ये गलती कुछ सेकंड की थी, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने तुरंत इसे पकड़ लिया। इस गलती के सामने आते ही दर्शकों ने मेकर्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया। कई यूजर्स ने कहा कि शो को जल्द खत्म करने की जल्दबाजी में क्वालिटी से समझौता किया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों ने शो के वीएफएक्स पर भी सवाल खड़े किए और इसे पहले से ही कमजोर बताया। शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर पहले भी कई बार अपने कंटेंट और वीएफएक्स को लेकर आलोचनाओं का सामना कर चुकी हैं, लेकिन इस बार की गलती ने मामला और बढ़ा दिया। खास बात ये है, कि ये गड़बड़ी जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुए एपिसोड में नजर आई, जबकि टीवी पर टेलीकास्ट के दौरान इसे ठीक कर दिया गया था।



# श्रुति करेंगी फिल्म पेड्डी में स्पेशल डांस नंबर

**मुंबई।** पेड्डी को लेकर और बड़ा अपडेट सामने आया है। सिनेमा की बज गर्ल श्रुति हासन फिल्म में एक हाई-एनर्जी स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग इस वक्त चल रही है। इससे पहले उन्हें एक और बड़े प्रोजेक्ट वाराणसी के लिए भी अप्रोच किया गया था। इससे साफ है कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी आने वाली फिल्मों में उनकी डिमांड और मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। पेड्डी का म्यूजिक एल्बम तेजी से बड़ा चर्चा का विषय बनता जा रहा है, जहां हर नया गाना फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता में और इजाफा कर रहा है। पहला सिंगल चिकिरी चिकिरी अपनी कैची एनर्जी और एआर रहमान के शानदार म्यूजिक के चलते अलग नजर आया और जल्दी ही फैंस का फेवरेट बन गया। यह गाना सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जो इसके लिए ब्लॉकबस्टर शुरुआत मानी जा रही है। इस सफलता के बाद दूसरा गाना राई राई रा रा रिलीज हुआ, जिसने बिल्कुल अलग अंदाज पेश किया। इसके इलेक्ट्रिफाइंग बीट्स और शानदार कोरियोग्राफी को लोगों ने खूब पसंद किया। यह गाना सोशल मीडिया पर जमकर शेयर और सेलिब्रेट किया गया, साथ ही यूट्यूब पर 65 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जिससे पेड्डी को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।



# शुरू की कान्स फिल्म फेस्टिवल की तैयारी

मुंबई। इस साल का 79वां कान्स फिल्म फेस्टिवल 12 से 23 मई तक फ्रांस में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट के लिए जैकलीन फर्नांडिस ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें रेड कार्पेट लुक्स, फैशन फिटिंग्स और आउटफिट सेलेक्शन शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, जैकलीन इस बार अपने रेड कार्पेट अपीयरेंस को लेकर बेहद सतर्क हैं। वह अलग-अलग डिजाइनर्स के साथ मिलकर अपने लुक्स फाइनल कर रही हैं ताकि इंटरनेशनल स्टेज पर उनकी मौजूदगी और भी प्रभावशाली बन सके। पिछले कुछ वर्षों में जैकलीन का कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 से मजबूत जुड़ाव रहा है। 2025 में उन्हें 'वीमेन इन सिनेमा' पहल के तहत सम्मानित भी किया गया था, जिससे उनकी ग्लोबल पहचान और मजबूत हुई। अब एक बार फिर कान्स के लिए उनकी तैयारी शुरू होने के साथ, सभी की नजरें जैकलीन पर।



# दुल्हन बनने वाली हैं हुमा

**मुंबई।** एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर खूब सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्मी गलियारों में ये चर्चा तेजी से हो रही है कि 40 साल की हुमा अब जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं और अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करने वाली हैं। हुमा कुरैशी की शादी की खबर सामने आते ही जहां फैंस खुशी से झूम उठे हैं, वहीं लोगों के मन में कई सवाल भी उठने लगे हैं। आखिर शादी कैसे होगी? क्या हुमा कुरैशी निकाह कर नई जिंदगी की शुरुआत करेंगी, या फिर अपने मंगेतर रचित सिंह के साथ सात फेरे लेकर सात जन्मों का रिश्ता जोड़ेंगी? बता दें कि हुमा कुरैशी के मंगेतर रचित सिंह बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ के फिटनेस ट्रेनर हैं। गौर करने वाली बात है कि साल 2025 के सितंबर महीने में हुमा कुरैशी और रचित सिंह ने सीक्रेट एंगेजमेंट कर ताउम्र का रिश्ता जोड़ लिया था। माना जा रहा है कि हुमा कुरैशी बॉलीवुड पार्टी की बजाय एक प्राइवेट फंक्शन में अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी करेंगी। शादी के बाद एक्ट्रेस बॉलीवुड के दोस्तों के लिए रिसेप्शन देंगी।



## सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के क्लू दिखने लगे थे विजय

# सालों से सीएम बनने का सपना देख रहे थे थलपति विजय?

**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार थलापति विजय ने आखिरकार एक्टिंग से ब्रेक लेकर राजनीति की राह चुन ली है। उनकी पार्टी टीवीके के साथ वे अब नई पारी की शुरुआत कर चुके हैं। इसी बीच उनकी आखिरी फिल्म जन नायकन रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है, कि विजय की फिल्मों में सालों पहले से ही राजनीति और सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के क्लू दिखने लगे थे? विजय सालों पहले सीएम बनने के सपने देखने लगे थे। आइए उनकी उन फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने उन्हें सिर्फ स्टार नहीं, बल्कि जनता का हीरो बनाया।

***बताई एक वोट की कीमत*** : सबसे पहले बात सरकार की, 2018 में आई इस फिल्म में विजय ने वोटिंग सिस्टम की खामियों और चुनावी धांधली जैसे मुद्दों को उठाया। एक एनआरआई बिजनेसमैन का किरदार निभाते हुए उन्होंने ये दिखाया कि एक वोट की ताकत क्या होती है।

***मार्शल ने दिया था सोशल मैसेज*** : इसके बाद आती है मार्शन, जिसमें विजय डबल रोल में नजर आए। फिल्म ने हेल्थकेयर सिस्टम की कमियों और महंगे इलाज के मुद्दे पर सीधा सवाल उठाया। ये सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि एक मजबूत सोशल मैसेज भी थी।

***आतंकवाद के खिलाफ उठाए सख्त कदम*** : थुप्पाक्की में विजय ने एक आर्मी ऑफिसर का रोल निभाया, जो देशभक्ति और सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर बेहद सजग है। फिल्म ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया।



***सिस्टम की खामियों पर उठाए सवाल*** : 2021 में आई मास्टर में विजय एक प्रोफेसर बने, जो भटके हुए युवाओं को सही राह दिखाता है। इसमें सिस्टम की खामियों और जिम्मेदारी की अहमियत को दिखाया गया।

***सोशल मुद्दों पर विजय ने उठाए सवाल*** : वहीं कत्थी को विजय की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में गिना जाता है। किसानों की समस्या, पानी का संकट और कॉर्पोरेट कब्जे जैसे मुद्दों पर बनी ये फिल्म आज भी दर्शको को खूब पसंद है।

***विजय ने बताया कैसे महिलाएं कर सकती हैं कमाल*** : बिगिल में विजय ने महिला सशक्तिकरण का मुद्दा उठाया। ये फिल्म बताती है, कि कैसे सपोर्ट और बराबरी का मौका मिलने पर महिलाएं भी कमाल कर सकती हैं।

सिर्फ एक एक्टर नहीं रहे, बल्कि समाज और सिस्टम को लेकर उनकी सोच हमेशा से साफ रही है। अब जब वे राजनीति में उतर चुके हैं, तो फैंस को उम्मीद है, कि पर्दे पर दिखाया गया उनका 'जननायक' वाला अंदाज असल जिंदगी में भी नजर आएगा।

## खबर संक्षेप

### कोसीर में शिविर लगाने की मांग

**कोसीर।** 1 मई से 10 जून के मध्य तक शहरी इलाकों से लेकर गांव गांव तक जन समस्या निवारण शिविर लगना है जो कि बहुत ही बेहतर प्रयास माना जा रहा है। इस क्रम में सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम उच्चभिठी में 21 मई को क्लेक्टर के निर्देशानुसार निर्धारित की गई है जिसे लेकर कोसीर जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र वासियो ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उच्चभिठी गावं की जगह जिले के सबसे बडे गावं कोसीर में जन समस्या निवारण शिविर लगाने की मांग की है। इसके लिए जनपद सदस्य हीरा भैरव जाटवर ने क्षेत्र की नागरिकों से सहमति लेकर लिखित मे जिला क्लेक्टर को आवेदन देकर कोसीर में शिविर लागाने की मांग की है विदित हो कि कोसीर पहले रायगढ जिले की सबसे बडे गावं के नाम से जाना जाता था पर अब सारंगढ जिला बन जाने के बाद अब भी सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सबसे बडे गाम में शुमार है।

### हनुमान मंदिर से मूर्ति विस्थापित

**पुसौर।** पुसौर बस स्टैण्ड में कई दशकों पूर्व स्व ढुलुराम थवाईत द्वारा एक छोटा सा हनुमान मंदिर निर्माण कर स्थानीय श्रद्धालुओं के उपस्थिति में वहां भगवान हनुमान जी के मूर्ति को प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित हुआ था। प्रति वर्ष इस मंदिर में प्रत्येक पर्व पर्वाणि में निश्चित ही सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन होता रहा है जिससे स्थानीय बस स्टैण्ड परिसर सहित आते जाते राहगीर भी इसमें शामिल होते रहे हैं। जिससे उक्त मंदिर से लोगों का जुड़ाव दिनों दिन बढता जा रहा था लेकिन बीते कुछ दिनों से सड़क बनने के कारण उक्त मंदिर की पवित्रता में बाधा पहुंची। जिससे स्थानीय लोगों में किसलय किसोर श्रीवास्तव, राकेष यादव, उमाशंकर साव सहित इनके टीम के उपस्थिति एवं सहमति में उक्त मंदिर से भगवान महावीर के मूर्ति स्थापित किया है।

### केलो नदी में मिली अज्ञात युवक की लाश

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत केलो नदी में सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक की लाश तैरते देखी गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नदी से शव निकालने के प्रयास में जुट गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव नदी से निकाला गया, जिसके बाद शव का पंचनामा करते हुए शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। वहीं पुलिस शव की शिनाख्त करने में भी जुट गई है।

### सेल्स गर्ल से छेड़छाड़ ऑटो चालक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सेल्स गर्ल से छेड़छाड़ कर भागने वाले आरोपी ऑटो चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 02 मई को 23 वर्षीय युवती ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी बहन के साथ रायगढ़ मुख्य बाजार स्थित एक कपड़ा दुकान में कार्य करती है। 2 मई के शाम करीब साढ़े 6 बजे दोनों बहनें ग्रैंड मॉल के ग्राउंड फ्लोर स्थित वॉशरूम गई थीं। वॉशरूम से बाहर निकलने के दौरान वहां पहले से मौजूद परिचित ऑटो चालक विनोद कुमार शर्मा ने उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना के बाद दोनों बहनों द्वारा शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए।

### 50 लाख की लागत से बना आधुनिक परिसर

**रायगढ़।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 6 में अधोसंरचना मद से निर्मित 50 लाख रुपए की लागत वाले सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें जो अपार विश्वास और आशीर्वाद दिया है, उसे विकास कार्यों के माध्यम से लौटाना उनका नैतिक दायित्व है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शहर में अधोसंरचना एवं जनसुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। रायगढ़ में कला महाविद्यालय, उद्यानिकी महाविद्यालय, फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, प्रयास विद्यालय, स्विमिंग पूल, शहर के विभिन्न स्थानों पर ऑक्सीजोनए सड़कों एवं पुल.पुलियों का निर्माण तथा गजमार पहाड़ी और बाल समुंद तालाब का सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

## सरिया में खुलेगा नर्सिंग कॉलेज वित्त मंत्री ने की घोषणा

# स्वास्थ्य और वित्त मंत्री ने किया सरिया में 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

आपका विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरिया ही नहीं रायगढ़ ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाने में लगे हुए हैं। आज सरिया में 100 बिस्तर सिविल अस्पताल भूमि पूजन अवसर पर मुझे आने का मौका मिला। मैं आप सब लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यहां 2 साल में विकास दिखेंगे। उम्मीद है की सरिया में 100 बिस्तर अस्पताल में किसी भी प्रकार की कोई कमी महसूस नहीं होगी। अस्पताल के खुलने से सरिया बरमकेला पुसौर सहित सरहदी प्रांत उड़ीसा के लोगों को भी अस्पताल का लाभ मिलेगा।

**खास बातें**

- 100 बिस्तर अस्पताल में कोई चीज की कमी नहीं होगी : स्वास्थ्य मंत्री
- अंतिम सांस तक सेवा करूंगा : ओपी चौधरी

सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। हम लगातार विकास कर रहे हैं। वैसे सरिया क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में अग्रणी है। और यहां दो फसली होने के कारण किसान भी बहुत जागरुक है। सरकार किसानों का एक एक दाना खरीद रही है। डबल इंजन के सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि आपके लाडले विधायक ओपी चौधरी जो कलेक्टर के पद पर थे। उन्होंने नौकरी छोड़कर सेवा के क्षेत्र को चुना और आप देख रहे हैं। रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है। भगवान जगन्नाथ की कृपा है कि आपको ओपी चौधरी जैसा जनप्रतिनिधि विधायक मिला है। यह क्षेत्र भगवान जगन्नाथ का क्षेत्र है। भगवान जगन्नाथ ने स्पेशल रूप से अपने हाथों से इस क्षेत्र को बनाया और लगातार क्षेत्र के लोग विकास की और अग्रसर हैं। वित्त मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी ने विकास के क्रम में रविवार शाम को 18 करोड़ से ज्यादा के लागत से 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का भूमि पूजन अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि मैं विकास की राजनीति करता हूं और इसी सोच के साथ साथ में विकास को आगे बढ़ता रहूंगा। उन्होंने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि अभी 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का निर्माण आज से प्रारंभ होगा तथा आने वाले दिनों में सरिया में नर्सिंग कॉलेज की भूमि पूजन की जाएगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नर्सिंग कॉलेज की घोषणा करते ही जनसमूह ने ताली की बजा कर एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जय घोष के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि मैं कलेक्टर रहते हुए अपना जीवन जी सकता था। लेकिन मेरे मन में यही था की राजनीति एक बड़ा मंच है। इसलिए इसका हिस्सा बनना चाहिए। अच्छे लोग राजनीति से दूर भागते हैं। लेकिन चाणक्य ने कहा है कि अच्छे लोग राजनीति में भाग नहीं लेने का पहला दुष्परिणाम होता है कि बुरे लोग अच्छे लोगों पर राज करते हैं। इस सोच के साथ मैं राजनीति में प्रवेश किया और सिर्फ विकास की राजनीति को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि सरिया के लिए मैं कुछ कहना चाहूंगा सबसे पहले तो मैं यह कहुंगा की सरिया बहुत कुछ का हकदार था। लेकिन राजनीतिक स्थिति ऐसी बनी की सरिया अंचल को उसका अधिकार नहीं मिल पा रहा था। सरकार बनते ही यहां जो विकास हुए हैं। आप सब के सामने हैं। आने वाले दिनों में यहां नर्सिंग कॉलेज का भूमि पूजन किया जाएगा। हमारे भूमि पूजन का अर्थ केवल पत्थर टांगना नहीं होता। चुनाव के लिए दिखावा नहीं होता। मैं आप सब लोगों से पूछना चाहता हूं कि आने वाली ढाई सालों तक कोई चुनाव है क्या। आने वाले ढाई साल तक ना विधानसभा चुनाव है और ना लोकसभा चुनाव है ना कोई पंचायत चुनाव। यह चुनाव की राजनीति नहीं है। विकास की राजनीति है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने संबोधन ने कहा कि मैं विधायक रहूं या ना रहूं अंतिम सांस तक सरिया का सेवा करूंगा । सरिया मेरे दिल में बसा है।




बड़े माला से मंत्रियों का स्वागत करते और सभा में उपस्थित क्षेत्र के लोग।

### किसान संघ ने किया सम्मान

वर्षों से बिजली की समस्या से जुझ रहे किसान संघ सरिया ने वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी को किसानों का प्रतीक चिन्ह हरे रंग का गमछा ओढाकर सम्मान किया। किसानों ने कहा कि 132 के वी विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए बहुत चक्कर काट रहे थे ।आंदोलन कर रहे थे। इसके बाद भी काम नहीं हो रहा था। आपने 133 के वी विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए जो सहयोग और प्रयास किसानों के हित में किया। इसके लिए किसान संघ आपका हृदय से आभार व्यक्त करता है। इस मौके पर किसान संघ ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपा कर मांग किया रवि फसल धान की खरीदी समर्थन मूल्य में की जाए तथा सरिया में मिट्टी परीक्षण केंद्र स्थापना की जाए। ताकि किसानों को फसल लेने में दिक्कत ना हो।

### छात्र छात्राओं का सम्मान

100 बिस्तर सिविल हॉस्पिटल भूमि पूजन अवसर पर पहुंचे वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंच पर मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा किया कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मेधावी छात्र जो प्रदेश में टॉप टेन में आए आए हैं उन्हें 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि अपने मद से देने की घोषणा की तथा हर संभव मदद की बात कही। शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल सरिया के कक्षा बारहवीं के छात्र शिवम दुबे जो की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर हैं। एवं मोना मॉडर्न स्कूल बरमकेला के कक्षा दसवीं के छात्र हेमंत पटेल जो कक्षा दसवीं में टॉप 10 में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों को मंत्री महोदय ने सम्मान किया।



# किसानों ने रायपुर में किया अध्ययन भ्रमण

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा "आत्मा योजना"एवं "कृषि क्रांति अभियान" के अंतर्गत जिले के चयनित किसानों को रायपुर स्थित सेमीना एग्रो कंपनी में अध्ययन भ्रमण हेतु भेजा गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को उच्च मूल्य वाली औषधीय एवं सुगंधित फसलों की वैज्ञानिक खेती से परिचित कराना और उन्हें कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से सुनिश्चित बाजार से जोड़ना है। अध्ययन भ्रमण के दौरान कंपनी के विशेषज्ञों ने किसानों को मोरिंगा, पपीता, लेमनग्रास, पिपरमिंट, पचौली, अश्वगंधा, तुलसी और रोसेला जैसी फसलों की उन्नत खेती, लागत-लाभ विश्लेषण तथा बाजार की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**खास बात**

- औषधीय-सुगंधित फसलों की वैज्ञानिक खेती और सुनिश्चित बाजार से जुड़ाव पर फोकस

किसानों को यह भी समझाया गया कि इन फसलों की मांग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से बढ़ रही है, जिससे आय के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। उप संचालक कृषि जशपुर ने बताया कि अध्ययन भ्रमण दौरान किसानों को विशेष रूप से कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग मॉडल की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस प्रणाली में कंपनियां फसल को पूर्व निर्धारित दर (बायबैक) पर खरीदती हैं। इससे किसानों को बाजार की अनिश्चितता से राहत मिलती है और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित रूप से प्राप्त होता है। इस पहल को आगामी खरीफ व मानसून सत्र 2026-27 की कार्ययोजना से भी जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत जिले में क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत लेमनग्रास, पाल्मारोसा, पचौली, यूकेलिप्टस सिट्रियोडोरा, हल्दी, अदरक, तुलसी, सतावर एवं सर्पगंधा जैसी फसलों के उत्पादन को प्राथमिकता दी जाएगी।

उप संचालक कृषि ने बताया कि विकासखंड स्तर पर इच्छुक किसानों का चयन कर उनकी सहमति के साथ जानकारी संकलित की जा रही है, ताकि उन्हें फील्ड विजिट, तकनीकी प्रशिक्षण और कंपनियों के साथ अनुबंधित खेती से जोड़ा जा सके। इसके साथ ही एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के माध्यम से अनुबंध एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कृषि क्रांति अभियान के अंतर्गत यह अध्ययन भ्रमण किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर व्यावसायिक और निर्यातोन्मुख कृषि की दिशा में प्रेरित कर रहा है। इससे जिले में कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होने की संभावना है। उप संचालक ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि किसान नई तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों और बाजार के अवसरों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें।

# करवाही में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन



**तमनार।** केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य जनपद तमनार के ग्राम करवाही में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन 28 अप्रेल से 5 मई तक किया जा रहा है। कथावाचक पं.दुर्गाप्रसाद तिवारी भीतिकोना जीवरी के मुखरबिंद से कथा व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी ओजमयी रसमयी अमृतवाणी द्वारा भक्तजनो को कथामृत का रसपान करा रहे हैं।

इसमें 28 अप्रेल मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा प्रातः वेदी पुजन कथा प्रारम 29 बुधवार भगवान वराह अवतार, सती चरित्र 30 गुरुवार मुक्त प्रहलाद पुरंजनो व्यारव्यान, 1 मई शुकवार, श्रीराम एवं कृष्ण जन्मोत्सव, 2 शनिवार, कृष्ण बाललीला गोर्वधन धारण, 3 मई रविवार को श्री कृष्ण रास रहस्य रुकमणी विवाह मंगल उत्सव, 4 सोमवार, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम, 5 मई मंगलवार तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा, पूर्णाहुती एवं महाप्रसाद वितरण की जाएगी। कथा व्यासपीठ पं दुर्गा प्रसाद तिवारी भितिकोना जीवरी वाले मुख्य यजमान विद्याधर भानुमति पटेल अन्य, भागवती कलाकार संगीत टीम में सिगर मनोज साहू, ढोलक गोलू पाण्डेय, वासु महंत पैड अन्य कलाकारों द्वारा मनमोहक संगीत से लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्ति ज्ञान, वैराग्य की पावन त्रिवेणी गंगा में डुबकी लगाते संगीत पार्टी की आधुनिक सुमधुर धुनों से लोगबाग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पूण्य की भागीदार बनने की अपील किया गया है।

### विनायक एकेडमी इंग्लिश स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट

**सरसींवा।** विनायक एकेडमी इंग्लिश स्कूल मधाईभाठा का सत्र 2025.26 का परीक्षा परिणाम। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल शानदार अंक अर्जित किए, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और गुणवत्ता शिक्षा का जीवंत प्रमाण भी प्रस्तुत किया। कक्षा 5वीं से लेकर 12वीं तक हर स्तर पर प्रतिभाओं ने अपनी चमक बिखेरी। नन्हीं कक्षा 5वीं में प्राची रात्रे ने 92 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर सबको गौरवान्वित किया, वहीं प्रगति आनंदए प्रियंशी रात्रे और दीप्ति साहू ने 90.50 प्रतिशत अंक लाकर प्रतिस्पर्धा को और भी कड़ा बना दिया। यह वह स्तर है जहाँ से भविष्य के बड़े सपनों की नींव रखी जाती हैएऔर यहाँ की नींव बेहद मजबूत दिखाई दी। प्रतिज्ञा जायसवाल ने 96.67 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ायाए जबकि भूपेंद्र साहू 95.17 प्रतिशत और मुस्कान साहू 94.33 प्रतिशत ने भी शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। बोर्ड कक्षाओं में भी सफलता का परचम लहराया।

# कलेक्टर ने लइका घर का किया अवलोकन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संचालित जशपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरना नगर स्थित लइका घर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित रचनात्मक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों का विस्तार से निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी सीखने की प्रक्रिया, रुचियों और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण पद्धतियों तथा बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण की सराहना भी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं संचालकों को निर्देशित किया कि बच्चों को पोषण, और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा गतिविधियों को प्रभावी एवं रोचकता बनाए रखें, ताकि बच्चों में सीखने की जिज्ञासा निरंतर बनी रहे। कलेक्टर ने सेंटर में बिजली की पर्याप्त व्यस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी अजय शर्मा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम मैनेजर ज्योतिष मान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई तीन तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध शराब बिक्री के मामले में जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने महुआ, देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। पहली कार्रवाई पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमीडीह की गई है। जहां एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में बर्की के लिए अवैध महुआ शराब भंडारण कर रखा गया था। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी देव प्रसाद श्रीवास को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से करीब 30 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। वही दूसरी कार्यवाही चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव से पंजरी प्लांट मार्ग में की गई है। जहां घेराबंदी कर एक महिला को पकड़ा गया। जांच के दौरान साफा बाई चौहान के पास 7.2 लीटर बरामद हुईए पूछताछ में पता चला कि महिला शराब को बिक्री के उद्देश्य से ले जा रही थी।

### जिला जेल में विचाराधीन कैदी की बिगड़ी तबीयत, मौत

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम कठरापाली निवासी युवक को करीब 4 दिन पहले अवैध शराब की बिक्री के आरोप में जेल भेजा गया था। इस दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी जिसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। ऐसे में अब मृतक के परिजन जेल प्रशासन व तमनार पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजन इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार पुलिस ने ग्राम कठलीपाली में कुछ दिनों पहले अवैध शराब की बिक्री करने के आरोप में सुरेश रात्रे पिता रूपाऊ रात्रे 38 साल को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया था। मृतक के छोटे भाई नरेश रात्रे व परिजनों को कहना है कि सुरेश के पास 1 लीटर शराब था, लेकिन पुलिस ने 10 लीटर पकड़ने का दावा करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। जेल जाने के बाद जब वे सुरेश से मिलने पहुंचे तो उन्हें मिलने नहीं दिया गया। ऐसे में कई बार उससे मिलने का प्रयास करते रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ग्रीष्मकालीन खेल ...

कहा कि जिले की खेल प्रतिभाएं आने वाले समय में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगी। शिविर के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को खेल की बारीकियों, तकनीकी पहलुओं तथा फिटनेस संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जाएगी, जिससे उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में खेल कोच प्रदीप चौरसिया, बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा शहर के खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से जिले में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चार जिले के कृषि ...

साथ ही जैविक खाद, हरी खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व को भी विस्तार से समझाया गया। किसानों को उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला के दौरान पीपीटी प्रस्तुति एवं प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से उर्वरक प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। वहीं, वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में विभिन्न जिलों के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय कृषि समस्याओं, अनुसंधान आवश्यकताओं तथा भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत जशपुर के अध्यक्ष सालिक साय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संचालक अनुसन्धान डॉ.विवेक त्रिपाठी, निदेशक विस्तार डॉ. एसएस टुटेजा, वैज्ञानिक डॉ. एचसी नंदा, कृषि महाविद्यालय कुनकुरी के अधिष्ठाता डॉ. एके सिन्हा, कोरबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एसपी सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के केके पैंकरा, कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के राकेश भगत, कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर-चांपा के केडी महंत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं उन्नतशील कृषक उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार: खूंटीटोली ...

भागीदारी निभाई। इस मौके पर भूमि में 5 प्रतिशत मॉडल निर्माण कर उसकी उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इस मॉडल के तहत किसान अपने खेत या भूमि के कुल क्षेत्रफल के लगभग 5 प्रतिशत हिस्से में, खेत के किसी कोने में सीढ़ीनुमा गड्ढे का निर्माण करते हैं। इस संरचना में वर्षा या अतिरिक्त पानी एकत्रित होकर सुरक्षित रहता है, जिससे जल का संचयन होता है। इससे न केवल जल संरक्षण होता है, बल्कि भूजल स्तर में वृद्धि और खेती की उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि छोटे-छोटे प्रयासों से जल संकट जैसी बड़ी समस्या का समाधान संभव है। सामुदायिक सहभागिता से ऐसे मॉडल को अपनाकर गांव को जल समृद्ध बनाया जा सकता है।

# एनटीपीसी लारा द्वारा विशेष कोचिंग कार्यक्रम ईवॉइस समर्थ का शुभारंभ

**रायगढ़।** परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा द्वारा 4 मई को नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत एक अनोखी पहल ईवॉइस समर्थ का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आस-पास के क्षेत्रों के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को मुफ्त कोचिंग सेवाएँ प्रदान करना है। यह कार्यक्रम उन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सहायता प्रदान करके शैक्षिक कमी को पूरा करने पर केंद्रित है, जिन्हें वित्तीय बाधाओं के कारण निजी कोचिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है।

इस पहल के तहत, छात्रों को प्रमुख विषयों में मार्गदर्शन प्राप्त होता है, जिससे उन्हें अपनी बुनियादी समझ को मजबूत करने और अपने शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। एनटीपीसी लारा प्लांट के स्वयंसेवक मुफ्त कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अपना समय देंगे, ताकि छात्र एक मैत्रीपूर्ण और सहायक सीखने के माहौल में अपनी समस्याओं को समझ सकें। शिक्षा के क्षेत्र से परे, यह ईवॉइस समर्थ छात्रों में आत्मविश्वास, प्रेरणा और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा, जिससे वे अपने सपनों को पूरा करने और अपने साथियों के साथ समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सकेंगे। इस अवसर पर, अतिथियों ने मेधावी छात्रा सुश्री गिरिजा प्रधान को सम्मानित किया, जिन्होंने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इस क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सुश्री गिरिजा की सम्मान में केक काट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी माता पिता की उपस्थिती में सम्मानित किया गया।



